भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2868**
17 मार्च, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**हर्बल उद्यान**

2868. डॉ. एम.पी. अब्दुस्समद समदानी:
श्री भागीरथ चौधरी:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में हर्बल उद्यानों के विकास के लिए कोई योजना बनाई है अथवा कार्यान्वित की है;
(ख) यदि हां, तो राजस्थान सहित मौजूदा हर्बल उद्यान का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान राजस्थान सहित देश में हर्बल उद्यानों के विकास हेतु स्वीकृत परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है;
(घ) विगत पांच वर्षों के दौरान उक्त परियोजनाओं के लिए कितनी धनराशि आवंटित और खर्च की गई है;
(ङ) क्या सरकार का आयुष औषधियों को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान के अजमेर और केरल में नए हर्बल गार्डन की स्थापना करने का विचार है; और
(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त क्षेत्रों में ऐसे उद्यानों की स्थापना के लिए समय-सीमा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

(क) और (ख)**:** जी हां। वर्तमान में**,** **'**राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड**'**, आयुष मंत्रालय समग्र देश में "औषधीय पादप संरक्षण**,** विकास और सतत प्रबंधन पर केंद्रीय क्षेत्र योजना" का कार्यान्वयन कर रहा है जिसमें विभिन्न प्रकार के जड़ी-बूटी उद्यानों जैसे विद्यालय जड़ी-बूटी उद्यान**,** संस्थागत/सार्वजनिक जड़ी-बूटी उद्यान और राज्य एवं राष्ट्रीय महत्व के जड़ी-बूटी उद्यान आदि का विकास करने के लिए विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों को परियोजना आधारित सहायता प्रदान करने का प्रावधान है। वर्ष 2001-02 से अब तक समर्थित विभिन्न प्रकार के जड़ी-बूटी उद्यानों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **संलग्नक-I** में दिया गया है।

(ग) और (घ): राजस्थान राज्य सहित देश में जड़ी-बूटी उद्यानों का विकास करने के लिए विगत पांच वर्षों के दौरान स्वीकृत परियोजनाओं की स्थिति और उक्त परियोजनाओं के लिए स्वीकृत, व्यय/उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा **संलग्नक-II** में दिया गया है।

(ड.) और (च): वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान "*औषधीय पादप संरक्षण, विकास और सतत प्रबंधन पर केंद्रीय क्षेत्र योजना*" के अंतर्गत, केरल राज्य में *केरल यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज (केयूएचएस) कैंपस, त्रिशूर में जड़ी-बूटी उद्यान की स्थापना* नामक परियोजना के लिए 05 वर्षों की अवधि के लिए 43.20 लाख रु. की धनराशि स्वीकृत की गई है। तथापि, राजस्थान राज्य से अजमेर में नए जड़ी-बूटी उद्यान की स्थापना करने के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ।

*****

**संलग्नक-I**

**वर्ष 2001-02 से अब तक समर्थित विभिन्न प्रकार के जड़ी-बूटी उद्यानों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा**

| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **संस्थागत जड़ी-बूटी उद्यानों की संख्या** | **विद्यालय जड़ी-बूटी उद्यानों की संख्या** | **गृह जड़ी-बूटी उद्यानों की संख्या (2021-22 तक)** | **राज्य एवं राष्ट्रीय महत्व के जड़ी-बूटी उद्यानों की संख्या** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंदमान और निकोबार द्वीप | 2 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 10 | 100 | 13000 | 1 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 3 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | असम | 13 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | बिहार | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 2 | 200 | 0 | 0 |
| 7 | दिल्ली | 14 | 606 | 800 | 2 |
| 8 | गोवा | 2 | 37 | 0 | 1 |
| 9 | गुजरात | 11 | 490 | 3000 | 0 |
| 10 | हरियाणा | 8 | 25 | 0 | 0 |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 5 | 75 | 0 | 0 |
| 12 | जम्मू और कश्मीर | 9 | 25 | 0 | 0 |
| 13 | झारखंड | 4 | 0 | 0 | 0 |
| 14 | कर्नाटक | 10 | 500 | 1420 | 0 |
| 15 | केरल | 26 | 933 | 2500 | 2 |
| 16 | मध्य प्रदेश | 1 | 75 | 200 | 1 |
| 17 | महाराष्ट्र | 21 | 194 | 100 | 0 |
| 18 | मणिपुर | 2 | 100 | 0 | 1 |
| 19 | मिजोरम | 3 | 0 | 0 | 0 |
| 20 | नागालैंड | 1 | 130 | 0 | 0 |
| 21 | ओडिशा | 7 | 37 | 0 | 0 |
| 22 | पुडुचेरी | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 23 | पंजाब | 6 | 267 | 0 | 0 |
| **24** | **राजस्थान** | **9** | **112** | **100** | **0** |
| 25 | सिक्किम | 0 | 0 | 100 | 0 |
| 26 | तमिलनाडु | 14 | 179 | 400 | 1 |
| 27 | तेलंगाना | 5 | 20 | 300 | 1 |
| 28 | उत्तराखंड | 11 | 147 | 250 | 1 |
| 29 | उत्तर प्रदेश | 12 | 130 | 0 | 1 |
| 30 | पश्चिमी बंगाल | 11 | 11 | 0 | 0 |
| | **कुल** | **224** | **4393** | **22170** | **12** |

**संलग्नक-II**

**औषधीय पादप संरक्षण, विकास और सतत प्रबंधन पर केंद्रीय क्षेत्र योजना के अंतर्गत विगत पांच वर्षों के दौरान संस्वीकृत जड़ी-बूटी उद्यान परियोजनाओं और संस्वीकृत और व्यय /उपयोग की गई धनराशि का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा**

| क्र. सं. | वर्ष | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | परियोजना का नाम | संस्वीकृत निधि (रूपये लाख में) | व्यय/उपयोग की गई निधियां (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2017-18 | असम | असम के कोकराझार जिले के पनबारी में जड़ी-बूटी उद्यान की स्थापना | 21.60 | 12.00 |
| 2. | | केरल | जड़ी-बूटी पादप और घरेलू उपचार | 39.00 | 25.00 |
| 3. | | केरल | केरल के अलप्पुझा और पठानमथिट्टा के प्रत्येक जिले में चयनित 50 विद्यालयों में जड़ी-बूटी उद्यान की स्थापना | 13.25 | 6.25 |
| 4. | | राजस्थान | गृह जड़ी-बूटी उद्यान | 2.50 | 2.50 |
| 5. | | तमिलनाडु | संस्थागत/सार्वजनिक जड़ी-बूटी उद्यान की स्थापना | 27.00 | 27.00 |
| 6. | | तमिलनाडु | विद्यालय जड़ी-बूटी उद्यान और गृह जड़ी-बूटी उद्यान को बढ़ावा देना | 72.05 | 41.25 |
| 7. | | तमिलनाडु | संस्थागत/सार्वजनिक जड़ी-बूटी उद्यान की स्थापना | 27.00 | - |
| 8. | | तमिलनाडु | विद्यालय जड़ी-बूटी उद्यान और गृह जड़ी-बूटी उद्यान को बढ़ावा देना | 65.50 | - |
| 9. | | उत्तराखंड | उत्तराखंड में गंगा नदी बेसिन के चयनित क्षेत्रों में गृह जड़ी-बूटी उद्यान की स्थापना | 1.25 | - |
| 10. | | उत्तराखंड | उत्तराखंड राज्य में गंगा ग्रामों के विकास के लिए चयनित गांवों में गृह और विद्यालय जड़ी-बूटी उद्यान की स्थापना | 12.71 | -- |
| 11. | | उत्तराखंड | उत्तरकाशी, उत्तराखंड जिले में शैक्षिक संस्थानों की भागीदारी के माध्यम से औषधीय पादपों को बढ़ावा देने के लिए जड़ी-बूटी उद्यान की स्थापना | 13.25 | 6.25 |
| 12. | | उत्तर प्रदेश | बस्ती सदर-प्रखंड, जिला बस्ती, उ0प्र0-272190 के विद्यालयों एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में औषधीय पादप उद्यान की स्थापना | 5.30 | - |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 13. | | पश्चिमी बंगाल | बीसीकेवी, मोहनपुर, नाडिया, पश्चिम बंगाल में जड़ी-बूटी (औषधीय और सुगंधित पादप) उद्यान का एकीकृत विकास | 5.40 | 1.20 |
| 14. | 2018-19 | अरुणाचल प्रदेश | "जड़ी-बूटी उद्यान और एमएपी पौधशाला की स्थापना" | 6.25 | 4.26 |
| 15. | | असम | आरएफआरआई, असम में नॉर्थ-ईस्ट इंडियन जिंजीबेल्स बायोडायवर्सिटी गार्डन (जीन बैंक) का निर्माण | 18.87 | 8.20955 |
| 16. | | दिल्ली | "जेपीएन एपेक्स ट्रॉमा सेंटर, एम्स में जड़ी-बूटी उद्यान की स्थापना" | 5.94 | - |
| 17. | | दिल्ली | दिल्ली के जीएनसीटी के सरकारी और निजी विद्यालयों में जड़ी-बूटी उद्यान | 13.25 | 6.25 |
| 18. | | केरल | "औषधि उप-केंद्र परियाराम, कन्नूर में जड़ी-बूटी उद्यान /पार्क की स्थापना" | 27.00 | 15.00 |
| 19. | | महाराष्ट्र | औषधीय और सुगंधित पादपों के लिए मॉडल जड़ी-बूटी उद्यान की स्थापना | 10.80 | 6.00 |
| 20. | | महाराष्ट्र | जड़ी-बूटी उद्यान | 5.40 | 3.00 |
| 21. | | मणिपुर | "कांगला किला" इम्फाल, मणिपुर में राज्य जड़ी-बूटी उद्यान की स्थापना" | 27.60 | 22.20 |
| 22. | | नागालैंड | "नागालैंड के कोहिमा जिले के किसामा हेरिटेज विलेज और लॉन्गलेंग जिला अस्पताल में औषधीय जड़ी-बूटी उद्यान की स्थापना" | 16.20 | - |
| 23. | | नागालैंड | "विद्यालय जड़ी-बूटी उद्यान" | 53.00 | 25.00 |
| 24. | | पंजाब | विस्तार वन प्रभाग, बठिंडा, पंजाब के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में विद्यालय जड़ी-बूटी उद्यान का निर्माण | 33.92 | - |
| 25. | | पंजाब | एक्सटेंशन डिवीजन, पटियाला, पंजाब के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में विद्यालय जड़ी-बूटी उद्यान का निर्माण | 42.40 | 20.00 |
| 26. | | पंजाब | विस्तार वन प्रभाग फिल्लौर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में विद्यालय जड़ी-बूटी उद्यान का निर्माण | 46.64 | 3.06135 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 27. | | पंजाब | यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज एंड रिसर्च, फरीदकोट में स्वास्थ्य विज्ञान के छात्रों के लिए जड़ी-बूटी उद्यान की स्थापना" | 0.528 | - |
| 28. | | राजस्थान | " विद्यालय जड़ी-बूटी उद्यान" | 5.30 | 2.50 |
| 29. | | राजस्थान | " विद्यालय जड़ी-बूटी उद्यान" | 53.00 | - |
| 30. | | राजस्थान | " विद्यालय जड़ी-बूटी उद्यान" | 0.50 | 0.50 |
| 31. | | तेलंगाना | "ईपीटीआरआई परिसर में औषधीय और सुगंधित पादपों के साथ जड़ी-बूटी उद्यान की स्थापना" | 5.40 | 3.00 |
| 32. | | उत्तराखंड | "औषधीय एवं सगंध पादपों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय में जड़ी-बूटी उद्यान की स्थापना" | 8.10 | 3.00 |
| 33. | | उत्तराखंड | जिला टिहरी गढ़वाल, उत्तराखंड में शैक्षणिक संस्थानों की भागीदारी के माध्यम से औषधीय पादपों के संवर्धन के लिए जड़ी-बूटी उद्यान की स्थापना | 5.30 | - |
| 34. | | उत्तर प्रदेश | फार्मेसी विभाग, एमजेपी रोहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली (यूपी) में जड़ी-बूटी उद्यान का विकास" | 5.76 | 1.08 |
| 35. | 2019-20 | असम | जड़ी-बूटी उद्यान, पौधशाला | 15.90 | 6.99958 |
| 36. | | दिल्ली | जड़ी-बूटी उद्यान की स्थापना और मूल्यवर्धित खाद्य उत्पादों के लिए जड़ी-बूटी पादपों का उपयोग | 0.45 | 0.42 |
| 37. | | तेलंगाना | टीएसएफसीआरआई कैंपस में औषधीय और सुगंधित पाद्पों सहित संस्थागत जड़ी-बूटी उद्यान की स्थापना" | 5.40 | 1.20 |
| 38. | | उत्तराखंड | औषधीय एवं सुगंधित पादपों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु चरक इंटरनेशनल रिसर्च सेंटर फॉर आयुर्वेद (कोटद्वार) में जड़ी-बूटी उद्यान की स्थापना | 16.20 | - |
| 39. | | उत्तराखंड | उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में विशेष जड़ी-बूटी उद्यान के माध्यम से औषधीय पादपों का संवर्धन | 5.30 | - |
| 40. | | उत्तर प्रदेश | व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण औषधीय पादपों के लिए जड़ी-बूटी उद्यान का विकास | 5.40 | - |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 41. | 2020-21 | आंध्र प्रदेश | श्री पद्मावती महिला विश्वविद्यालयम (महिला विश्वविद्यालय), तिरुपति, आंध्र प्रदेश में जड़ी-बूटी उद्यान की स्थापना | 10.80 | 6.00 |
| 42. | | आंध्र प्रदेश | आंध्र प्रदेश में ग्रामीण / शहरी क्षेत्रों में प्राथमिक जड़ी-बूटी केयर सिस्टम को बढ़ावा देने के लिए गृह जड़ी-बूटी उद्यान का विकास | 325.00 | - |
| 43. | | असम | बंगलडोबा नयागांव, असम में 135 इको टास्क फोर्स जड़ी-बूटी उद्यान | 27.00 | - |
| 44. | | असम | स्थानीय रूप से उपलब्ध औषधीय और सुगंधित पादपों का संग्रहण, संरक्षण और रखरखाव | 4.20 | - |
| 45. | | कर्नाटक | बागवानी विज्ञान विश्वविद्यालय, उदयनगिरी, बागलकोट में "संस्थागत जड़ी-बूटी उद्यान" | 9.60 | - |
| 46. | | केरल | परियाराम, कन्नूर, केरल में 10 हेक्टेयर में संस्थागत औषधीय पादप उद्यान की स्थापना | 27.00 | 15.00 |
| 47. | | केरल | केरल वन अनुसंधान संस्थान, पीची, त्रिशूर, केरल में औषधीय पादप बीज केंद्र सह बीज संग्रहालय की स्थापना | 207.740 | 62.705 |
| 48. | | केरल | ग्रो बैग कल्टिवेशन के माध्यम से तिरुवनंतपुरम शहर, केरल में अर्बन गृह जड़ी-बूटी उद्यान: प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या के लिए औषधीय पादपों का बाह्य-स्थाने संरक्षण और उपयोग के द्वारा अभिनव दृष्टिकोण | 12.50 | 5.50 |
| 49. | | मध्य प्रदेश | राजकीय महत्व के जड़ी-बूटी उद्यान का विकास" | 125.00 | - |
| 50. | | महाराष्ट्र | औषधीय एवं सगंधीय पादपों "एमएपीए" उद्यान की स्थापना | 4.04 | 3.00 |
| 51. | | महाराष्ट्र | स्वस्थ जीवन के लिए औषधीय पादपों को बढ़ावा देना | 2.50 | 2.50 |
| 52. | | तेलंगाना | पलामुरु विश्वविद्यालय परिसर में संस्थागत जड़ी-बूटी और सुगंधित पादप उद्यान की स्थापना | 10.66 | - |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 53. | | उत्तराखंड | उत्तराखंड में औषधीय पादप क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए जड़ी-बूटी उद्यान की स्थापना | 27.00 | - |
| 54. | | उत्तर प्रदेश | औषधीय पादपों का संरक्षण करने के लिए जड़ी-बूटी उद्यान की स्थापना | 21.60 | - |
| 55. | | उत्तर प्रदेश | जड़ी-बूटी उद्यान की स्थापना | 21.60 | - |
| 56. | | उत्तर प्रदेश | औषधीय प्रजातियों के लिए राष्ट्रीय जड़ी-बूटी उद्यान का विकास | 295.22 | - |
| 57. | 2021-22 | असम | मिसामारी, असम में ब्लेजिंग सोर्ड जड़ी-बूटी उद्यान | 53.46 | - |
| 58. | | असम | डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय में जड़ी-बूटी उद्यान की स्थापना | 27.00 | - |
| 59. | | असम | पूर्वोत्तर भारत के दुर्लभ, लुप्तप्राय और संकटग्रस्त औषधीय और सुगंधित पादपों के संबंध में जड़ी-बूटी उद्यान का विकास | 10.80 | - |
| 60. | | गुजरात | गुजरात राज्य के मेहसाणा, बनासकांठा, पाटन और गांधीनगर जिले (उत्तर क्षेत्र) में स्कूली स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या हेतु औषधीय पादपों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए स्कूल जड़ी-बूटी उद्यान की स्थापना हेतु परियोजना प्रस्ताव | 9.75 | - |
| 61. | | गुजरात | विद्यालयों में जड़ी-बूटी उद्यान को बढ़ावा देना | 13.25 | - |
| 62. | | हिमाचल प्रदेश | सीएसआईआर-आईएचबीटी, पालमपुर में संस्थागत जड़ी-बूटी उद्यान की स्थापना | 27.00 | - |
| 63. | | हिमाचल प्रदेश | हिमाचल प्रदेश के शिक्षा विभाग के तहत विद्यालयों में जड़ी-बूटी उद्यान की स्थापना | 72.08 | - |
| 64. | | झारखंड | अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), देवघर में संस्थागत जड़ी-बूटी उद्यान की स्थापना | 3.84 | - |
| 65. | | कर्नाटक | मानस गंगोत्री परिसर, मैसूर विश्वविद्यालय, मैसूर, कर्नाटक में वर्गीकरण-आधारित औषधीय पादप उद्यान की स्थापना | 27.00 | - |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 66. | | कर्नाटक | कर्नाटक में 100 ट्री पार्क में सार्वजनिक जड़ी-बूटी उद्यान की स्थापना करना | 540.00 | -- |
| 67. | | कर्नाटक | कर्नाटक आवासीय शैक्षणिक संस्थान सोसायटी, कर्नाटक सरकार द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में 500 जड़ी-बूटी उद्यानों की स्थापना करना | 265.00 | - |
| 68. | | केरल | विद्यालय जड़ी-बूटी उद्यान | 6.25 | - |
| 69. | | केरल | अमला आयुर्वेदिक अस्पताल और अनुसंधान केंद्र द्वारा औषधीय पादप उद्यान का विकास | 4.20 | - |
| 70. | | मणिपुर | मणिपुर के 16 जिलों में 100 विद्यालयों में जड़ी-बूटी उद्यान की स्थापना | 53.00 | - |
| 71. | | तमिलनाडु | मानव कल्याण के लिए जैव विविधता का उपयोग : औषधीय पादप उद्यान का संरक्षण और स्थापना | 3.636 | - |
| 72. | | तमिलनाडु | तमिलनाडु के तिरुनेलवेली जिले में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के बच्चों में औषधीय पादपों पर जागरूकता और वैज्ञानिक ज्ञान को बढ़ावा देना | 10.92 | - |
| 73. | | तेलंगाना | टीटीडब्ल्यूआर सैनिक स्कूल, अशोक नगर, वारंगल, तेलंगाना, भारत में जड़ी-बूटी उद्यान की स्थापना, जिसका उद्देश्य धीरे-धीरे घटते जड़ी-बूटी पादप प्रजातियों का संरक्षण प्रदान करना | 19.20 | - |
| 74. | | उत्तराखंड | राष्ट्रीय / राज्य महत्व के विषयगत चिकित्सीय और विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए जड़ी-बूटी उद्यान | 21.60 | - |
| 75. | | उत्तराखंड | उत्तराखंड में पारंपरिक अधिक ऊंचाई वाले औषधीय पादपों के संवर्धन के लिए जड़ी-बूटी उद्यान की स्थापना | 21.60 | - |

*****